# झूम उठा शेयर बाजार, तेजी लौटी

## सेंसेक्स 918 .60 अंक चढ़कर 77,550 पर बंद



**मुंबई, 10 अप्रैल. अमेरिका-ईरान के बीच स्थायी युद्ध विराम के लिए जारी वार्ता के बीच घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को तेजी लौट आयी और बीएसई का सेंसेक्स 918.60 अंक ( 1.20 प्रतिशत ) चढ़कर 77,550. 25 अंक पर पहुंच गया.**

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 275.50 अंक यानी 1.16 प्रतिशत की बढ़त में 24,050.60 अंक पर बंद हुआ. यह दोनों सूचकांकों का 10 मार्च के बाद का उच्चतम बंद स्तर है. अमेरिका और ईरान के बीच स्थायी युद्ध विराम के लिए पाकिस्तान में आज से हो रही वार्ता से बाजार में निवेश धारणा को मजबूती मिली है. चौतरफा लिवाली के बीच मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा पैसा लगाया. निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.27 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.65 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ. आईटी की 1.91 फीसदी की गिरावट को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे. ऑटो में सबसे अधिक 2.85 प्रतिशत की तेजी रही. बैंकिंग, वित्त और रियलटी सेक्टरों के सूचकांक भी दो प्रतिशत चढ़े.

सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स का शेयर चार प्रतिशत के करीब मजबूत हुआ. आईसीआईसीआई बैंक में भी तीन फीसदी से अधिक की बढ़त दर्ज की गयी. निवेशकों को 5 लाख का फायदा हुआ है. महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडिगो, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस और बजाज फिनसर्व के शेयर दो से तीन प्रतिशत चढ़े. अडानी पोर्ट्स, ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, पावरग्रिड, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर एक से दो प्रतिशत तक ऊपर बंद हुए. इटरनल, मारुति सुजुकी, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा स्टील, बीईएल, एनटीपीसी, भारती एयरटेल और आईटीसी के शेयर भी हरे निशान में रहे. सनफार्मा का शेयर साढ़े तीन फीसदी से अधिक टूट गया.

## कारोबार में रुपया हुआ तीन पैसे मजबूत

**मुंबई, 10 अप्रैल. अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में गुरुवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद रुपया अंत में तीन पैसे चढ़कर 92.51 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ.** पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 52 पैसे की मजबूती के साथ 92.54 रुपये प्रति डॉलर पर रही थी. रुपये पर आज शुरुआती कारोबार में दबाव देखा गया. यह 10 पैसे की गिरावट में 92.64 रुपये प्रति डॉलर पर खुला. दोपहर के बाद एक समय यह 92.92 रुपये प्रति डॉलर तक टूट गया था. लेकिन बाद में वापसी करते हुए 92.51 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ. विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने आज पूंजी बाजार से 18 करोड़ डॉलर निकाले. पिछले कारोबारी दिवस की बड़ी गिरावट के बाद गुरुवार को कच्चे तेल में तेजी रही.

# आईटीआर 1 फार्म में दिखा सकते हैं दो मकान

**इस साल पुराने कानून से भरे जाएंगे आईटीआर**

**जल्द ही फाइलिंग की प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद**

**नई दिल्ली, 10 अप्रैल. आर्थिक वर्ष 2025-26 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न फाइलिंग का इंतजार अब खत्म होने वाला है. इनकम टेक्स डेपोरटेन्मेंट ने असेसमेंट ईयर 2026-27 के लिए आईटीआर फॉर्म जारी कर दिए हैं. और जल्द ही फाइलिंग की प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है.**

आमतौर पर हर साल अप्रैल से आईटीआर भरना शुरू हो जाता है, और इस बार भी इसी महीने से इसकी शुरुआत हो सकती है. हालांकि, कर्मचारियों को रिटर्न फाइल करने से पहले फॉर्म 16 का इंतजार करना होगा, जो उनके टैक्स और सैलरी का पूरा ब्यौरा देता है.




आईटीआर फाइल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई 2026 तय की गई है, इसलिए समय रहते तैयारी करना जरूरी है. दिलचस्प बात यह है कि 1 अप्रैल 2026 से नया इनकम टैक्स कानून लागू हो चुका है, लेकिन इस साल भरे जाने वाले रिटर्न पुराने नियमों के तहत ही होंगे, जिससे टैक्सपेयर्स को ज्यादा बदलाव का सामना नहीं करना पड़ेगा. आकलन वर्ष 2026-27 के लिए आयकर विभाग ने आईटीआर-1 फॉर्म में बड़ा बदलाव किया है, जिससे अब आप दो मकानों से होने वाली आय दिखा सकते हैं. यह उन लोगों के लिए एक बड़ी राहत है, जो पहले सिर्फ एक घर की आय दिखाते थे, वे अब क्लियर टैक्स आईटीआर-1 का उपयोग कर सकते हैं.

सैलरीड कर्मचारियों के लिए फॉर्म 16 एक अहम दस्तावेज होता है, जिसके बिना सही तरीके से रिटर्न भरना मुश्किल होता है। यह फॉर्म आमतौर पर नियोक्ताओं द्वारा जून तक जारी किया जाता है, इसलिए कई लोग इसके बाद ही आईटीआर फाइल करते हैं. यदि कोई व्यक्ति इस तारीख तक रिटर्न दाखिल नहीं करता है, तो उसे लेट फीस और अन्य दंड का सामना करना पड़ सकता है। इस साल एक बड़ा बदलाव यह है कि 1 अप्रैल 2026 से नया इनकम टैक्स कानून लागू हो चुका है, जिसने पुराने 1961 के कानून की जगह ली है.

# डीए में देरी से कर्मचारी नाराज 60 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद

**नई दिल्ली,10 अप्रैल. केंद्र सरकार के लाखों कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए महंगाई भत्ता का इंतजार इस बार लंबा होता जा रहा है. जनवरी 2026 से लागू होने वाले डीए के ऐलान में देरी ने कर्मचारियों की चिंता बढ़ा दी है.**

इस बीच कर्मचारी संगठनों ने निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर जल्द घोषणा करने की मांग की है. हर साल सरकार मार्च के आसपास डीए बढ़ोतरी का ऐलान करती रही है, लेकिन इस बार अप्रैल तक भी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई. इससे कर्मचारियों के बीच तरह-तरह की आशंकाएं जन्म लेने लगी हैं—कुछ लोग तो यह तक सवाल उठा रहे हैं कि कहीं कोरोना काल की तरह डीए पर रोक तो नहीं लगाई जाएगी. हालांकि, मौजूदा गणनाओं के आधार पर 2 प्रतिशत बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है, जिससे डीए 58 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो सकता है. लेकिन जब तक सरकार की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं होती, तब तक असमंजस बना हुआ है.

केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता का इंतजार इस बार असामान्य रूप से लंबा हो गया है. जनवरी 2026 से लागू होने वाले डीए के ऐलान में देरी ने कर्मचारियों और पेंशनर्स के बीच असंतोष और चिंता बढ़ा दी है. इस मुद्दे को लेकर विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने निर्मला सीतारमण से जल्द घोषणा करने की अपील की है.

आल इंडिया एनपीएस एम्प्लाइज फेडरेशन के अध्यक्ष मंजीत सिंह पटेल ने 9 अप्रैल 2026 को वित्त मंत्री को लिखे पत्र में कहा कि डीए में हो रही देरी से कर्मचारियों में निराशा और असमंजस की स्थिति बन गई है. उन्होंने मांग की है कि कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द डीए लागू किया जाए. आमतौर पर सरकार साल में दो बार डीए बढ़ोतरी की घोषणा करती है—जनवरी के लिए मार्च में (होली के आसपास) और जुलाई के लिए अक्टूबर-नवंबर (दिवाली के आसपास). पिछले वर्षों में भी इसी पैटर्न का पालन किया गया है. उदाहरण के लिए, 2025 में 2 अप्रैल को और 2024 में 12 मार्च को डीए बढ़ोतरी का ऐलान हुआ था.

# भारतीय डॉक्टर ने रचा मेडिकल में इतिहास

**मुंबई से मस्कट तक रोबोटिक सर्जरी का कमाल**

**सीमा पार सर्जरी : भारत ने बनाया नया रिकॉर्ड**

**मुंबई, 10 अप्रैल. विश्व स्वास्थ्य दिवस 2026 के अवसर पर, जिसका इस वर्ष का संकल्प है- स्वास्थ्य के लिए एकजुट, विज्ञान के साथ अटूट, कोकिलाबेन धीरुभाई अंबानी हॉस्पिटल ने वैश्विक चिकित्सा के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित किया है.**

विज्ञान और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की एक विस्मयकारी मिसाल पेश करते हुए, डॉ. टी. बी. युवराजा ने मुंबई में बैठकर मस्कट (ओमान) के मेडिकल सिटी अस्पताल में भर्ती एक 55 वर्षीय महिला की सफल रोबोटिक रेडिकल नेफरेक्टोमी (किडनी निकालने की जटिल सर्जरी) संपन्न की. अत्याधुनिक मेडबॉट तौमाई रोबोटिक सर्जरी सिस्टम के जरिए अंजाम दी गई यह ऐतिहासिक प्रक्रिया भारत की पहली क्रॉस-बॉर्डर रिमोट रोबोटिक सर्जरी मानी जा रही है.

यह उपलब्धि उस भविष्य की ओर एक निर्णायक कदम है, जहाँ भारतीय डॉक्टरों की विशेषज्ञता भौगोलिक सीमाओं को लांघकर दुनिया भर के मरीजों को वास्तव में जीवनदान दे सकेगी अत्याधुनिक रोबोटिक प्रणालियों और निर्बाध रियल-टाइम कनेक्टिविटी की मदद से, इस सर्जरी को असाधारण सटीकता और नियंत्रण के साथ पूरा किया गया. इस सफलता ने दुनिया के सामने क्रॉस-बॉर्डर रिमोट सर्जरी की विश्वसनीयता और क्लिनिकल सक्षमता का लोहा मनवाया है. यह क्रांतिकारी उपलब्धि अस्पताल के भविष्य के लिए तैयार और सशक्त इन्फ्रास्ट्रक्चर के कारण ही संभव हो सकी है. कोकिलाबेन धीरुभाई अंबानी हॉस्पिटल, भारत का अग्रणी %सेंटर फॉर रोबोटिक सर्जरी% का केंद्र है और देश की पहली मेडबॉट तौमाई रोबोटिक सर्जरी सिस्टम भी यहां है. तीन अत्याधुनिक रोबोटिक प्लेटफॉर्म्स से लैस यह अस्पताल, मल्टी-डिसिप्लिनरी रोबोटिक सर्जरी के क्षेत्र में देश का नंबर-1 निजी चिकित्सा केंद्र बनकर उभरा है.



कोकिलाबेन धीरुभाई अंबानी हॉस्पिटल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और सीईओ, डॉ. संतोष शेट्टी ने इस गौरवशाली उपलब्धि पर कहा-यह विकास अस्पताल के तकनीकी नेतृत्व और रिमोट रोबोटिक सर्जरी में हमारी पिछली सफलताओं की अगली कड़ी है, जो मेडिकल इनोवेशन के क्षेत्र में हमारी अग्रणी स्थिति को और भी मजबूत करता है. कोकिलाबेन धीरुभाई अंबानी हॉस्पिटल और डॉ. युवराजा आधुनिक टेलीसर्जर की सीमाओं को लगातार नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं—इस बार भारत की सशक्त क्लिनिकल क्षमताओं का विस्तार मस्कट के एक कैंसर रोगी तक किया गया है. दुनिया भर की स्वास्थ्य प्रणालियाँ आज विशेषज्ञता और सुलभता के बीच की खाई को पाटने की कोशिश कर रही हैं. ऐसे में यह उपलब्धि एक बड़े बदलाव का शंखनाद है—एक ऐसा भविष्य जहाँ भौगोलिक दूरियाँ बेमानी होंगी, इलाज हर किसी की पहुँच में होगा और भारत वैश्विक स्वास्थ्य सेवा के भविष्य को आकार देने में सबसे अग्रणी भूमिका निभाएगा.

कोकिलाबेन धीरुभाई अंबानी हॉस्पिटल्स के यूरो-ऑन्कोलॉजी और रोबोटिक सर्जरी (ग्रुप) डायरेक्टर, डॉ. टी. बी. युवराजा ने—जिनके पास 4200 से भी ज़्यादा रोबोटिक सर्जरी का अनुभव है—इस ऐतिहासिक सफलता पर कहा-आज हम वैश्विक स्वास्थ्य सेवा के वितरण में एक बुनियादरही. यह मील का पत्थर महज एक सफल ऑपरेशन नहीं है, बल्कि इस बात का प्रमाण है कि भविष्य की स्वास्थ्य सेवाएँ भौतिक सीमाओं को कितनी तेजी से लांघ रही हैं

# इंडिगो ब्लूचिप से एप्पल खरीद पर मिलेगा रिवॉर्ड

**नई दिल्ली, 10 अप्रैल.** देश की प्रमुख विमान सेवा कंपनी इंडिगो के ब्लूचिप सदस्य अब आईप्लेनेट पर एप्पल के उत्पाद खरीदकर रिवॉर्ड प्वाइंट पा सकते हैं. इंडिगो ने इसके लिए एप्पल के प्रीमियम पार्टनर आईप्लेनेट के साथ करार किया है. एयरलाइंस द्वारा शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि ब्लूचिप सदस्य आईप्लेनेट के समर्पित ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से और देश भर में इसके 78 से अधिक खुदरा स्टोर पर की गयी खरीदारी पर इंडिगो ब्लूचिप्स कमा सकते हैं. यह ऑफर आईफोन, मैकबुक, आईपैड, एप्पल की घड़ियों, एयरपॉड और प्रीमियम एक्सेसरीज की विस्तृत रेंज पर लागू है. इस करार से इंडिगो ब्लूचिप्स पोर्टफोलियो के तहत रिवॉर्ड के अवसर और कमाई का दायरा बढ़ा है.

इंडिगो के मुख्य डिजिटल एवं सूचना अधिकारी नीतन चोपड़ा ने कहा कि आईप्लेनेट के साथ हमारी साझेदारी एक विचारशील और रणनीतिक पहल है जिसका उद्देश्य इंडिगो ब्लूचिप सदस्यों को सार्थक और अधिक मूल्य के लाभ प्रदान करना है। प्रीमियम लाइफस्टाइल और टेक्नोलॉजी खरीद पर इंडिगो ब्लूचिप्स कमाने का अवसर देकर हम अपने ग्राहकों को यात्रा से परे भी रिवॉर्ड्स अर्जित करने के लिए सशक्त बना रहे हैं। आईप्लेनेट के प्रबंध निदेशक राकेश रामानंद ने कहा कि आईप्लेनेट में हम लगातार अपने ग्राहकों को उत्पादों मात्र से आगे बढ़कर अधिक मूल्य देने के तरीकों की तलाश में रहते हैं. इंडिगो ब्लूचिप के साथ हमारी साझेदारी इसी दिशा में एक रणनीतिक कदम है – जो प्रीमियम टेक्नोलॉजी और सार्थक रिवॉर्ड्स को एक मंच पर लाता है।



# डिजिटल फ्रॉड पर अब लगेगी रोक

**नई दिल्ली, 10 अप्रैल. देश में तेजी से बढ़ते डिजिटल फ्रॉड के बीच आरबीआई एक बड़ा बदलाव करने की तैयारी में है. अगर यह प्रस्ताव लागू होता है, तो 10,000 से ज्यादा के ऑनलाइन पेमेंट तुरंत नहीं होंगे, बल्कि उनमें 1 घंटे का होल्ड लगाया जा सकता है.**

इस कदम का मकसद यूजर्स को गलत ट्रांजैक्शन को रोकने या कैंसिल करने का मौका देना है. आज के समय में एनपीसीआई के जरिए होने वाले ज्यादातर डिजिटल ट्रांजैक्शन सेकंड्स में पूरे हो जाते हैं. लेकिन इसी तेजी का फायदा उठाकर साइबर ठग लोगों को जल्दबाजी में पैसे ट्रांसफर करने के लिए मजबूर करते हैं. आरबीआई का मानना है कि यह 1 घंटे की देरी यूजर्स को सोचने और फ्रॉड से बचने का जरूरी समय देगी.

इसके साथ ही 'किल स्विच' और 'ट्रस्टेड पर्सन' जैसे नए फीचर्स भी प्रस्तावित हैं, जो डिजिटल पेमेंट सिस्टम को और सुरक्षित बना सकते हैं. इस प्रस्ताव में सीनियर सिटीजंस और दिव्यांगों के लिए अतिरिक्त सुरक्षा का प्रावधान भी शामिल है. 70 साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए 50,000 से ज्यादा के ट्रांजैक्शन पर एक ट्रस्टेड पर्सन की मंजूरी अनिवार्य हो सकती है. इसके अलावा, यूजर्स को व्हाइटलिस्ट फीचर भी मिलेगा, जिससे वे भरोसेमंद लोगों या मर्चेंट्स को जोड़ सकेंगे और उनके साथ होने वाले ट्रांजैक्शन में देरी नहीं होगी. एक और महत्वपूर्ण सुझाव किल स्विच का है.


## नाम परिवर्तन सूचना

मैं हीरालाल चौहान पिता मोहनलाल चौहान मैंने स्वेच्छा से मेरा नाम परिवर्तन कर राज चौहान (RAJ CHOUHAN) रख लिया है। अतः आगे से मुझे भविष्य मे राज चौहान (RAJ CHOUHAN) के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

पता- मयूर कॉलोनी, संजीत रोड, मंदसौर

## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग धार

।। आम सूचना ।।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन / भूखण्ड क्र 80 एल. आय.जी. पं. दीनदयाल पुरम धार में श्री दीपसिंह चौहान पिता श्री सुखराम चौहान को आवंटित / नामान्तरित है। आवंटी नें उक्त भवन / भूखण्ड / दूकान संयुक्त शपथ पत्र विक्रय अनुबंध / विक्रय विलेख / विक्रय इकारनामा से श्रीमती प्रीतिबाला जमरा पति श्री राकेश जमरा एवं श्री राकेश जमरा पिता श्री गबरू जमरा को दिनांक 04.06. 2025 को विक्रय किया गया है। तथा इस कार्यालय में नामांतरण हेतु आवेदन को किया है. इस संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था से कोई आपत्ति हो या भूखण्ड कही रहन, गिरवी, बंधन अन्य दान या विक्रय किया हो, या अन्य कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति लिखित रूप से मय ठोस प्रमाण के प्रस्तुत करें। उक्त निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा उक्त भवन / भूखण्ड हस्तांतरण / नामांतरण की आगामी कार्यवाही कर दी जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, संभाग धार

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +914445644000, फैक्स: +914445644022

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना**

निम्नलिखित उधारकताओं और सह- उधारकताओं ने **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकताओं और सह-उधारकताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निदेशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया। है. **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है ) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 155316331 & 106599527 | संपत्ति के बदले ऋण | 04.02.2026 | 7,82,743.93/- |

**उधारकताओं और सह-उधारकताओं का नामः** 1. अर्जुन सिंह 2. भूली गुर्जर

**संपत्ति का पताः** मकान संख्या 18 का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, जिसका माप हैः लंबाईः पूर्व से पश्चिमः 68 फीट यानी 20.731 मीटर (दोनों तरफ बराबर), चौड़ाईः उत्तर से दक्षिणः 46 फीट यानी 14.024 मीटर (दोनों तरफ बराबर), कुल क्षेत्रफलः 3128 वर्ग फीट यानी 290.706 वर्ग मीटर, गांव में स्थितः आमशाखेड़ी, (खसरा नंबर 185/1/1, पी.एच.न. 56), ग्राम पंचायतः हन्नूखेड़ी, तहसीलः अवंतीपुर बड़ोदिया, जिलाः शाजापुर, मध्य प्रदेश-465116 पूर्वः सार्वजनिक रास्ता, पश्चिमः श्री बाजे सिंह का घर, उत्तरः भूमि श्री राजेंद्र सिंह और स्वयं की भूमि, दक्षिणः भूमि और श्री फूल सिंह जी का घर

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 2 | 25276363 | संपत्ति के बदले ऋण | 30.03.2026 | 3,49,967.87/- |

**उधारकताओं और सह-उधारकताओं का नामः** 1. साकिर खान 2. आजाद खान 3. नसरीन साकिर खान

**संपत्ति का पताः** आबादी भूमि सर्वेक्षण संख्या 2158, पटवारी हल्का संख्या 12, ग्राम एवं तहसीलः गुलाना, जिलाः शाजापुर, मध्य प्रदेश-465001 में स्थित 30 X 30 = 900 वर्ग फुट या 83.64 वर्ग मीटर का वह भूखंड, जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्वः रामप्रसाद पाटीदार का घर, पश्चिमः 3 फुट की गली, उत्तरः 3 फुट की गली, दक्षिणः सड़क।

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है ) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (4) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** के रूप में जाना जाता है ) इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 ( 13 ) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 11.04.2026 आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड
स्थान : मध्यप्रदेश के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)

## मुथूट फिनकॉर्प लिमिटेड

muthoot FINCORP — Jab zindagi badalni ho

(सुरक्षित और असुरक्षित ऋण व्यवसाय प्रभाग)
(मुथूट पप्पाचन समूह की कंपनी) CIN : U65929KL1997PLCO11518
**प्रशासनिक कार्यालय :** 710-ए एवं 711-ए, सातवीं मंजिल, फेस-2, स्पेंसर प्लाजा, माउंट रोड़, अन्ना सलाई, चेन्नई-600 002
**पंजीकृत कार्यालय :** मुथूट सेन्टर, टीसी नं. 27/3022, पुन्नेन रोड़, त्रिवेन्द्रम, केरला - 695 001

**परिशिष्ट—IV [नियम 8(1)] आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति हेतु)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **मुथुट फिनकार्प लिमिटेड (एमएफएल)** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 की अधिनियम संख्या 54) के अंतर्गत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगान्तर्गत, निम्न वर्णित उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) को एक मांग सूचना निर्गत की थी। उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिवसों की समाप्ति के उपरांत, उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल हो चुके हैं, अतएव एतद्द्वारा उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) को तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने यहां इसमें निम्न वर्णित सम्पत्ति का, उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त भाक्तियों के प्रयोगान्तर्गत, निम्नानुसार **आधिपत्य** कर लिया है।

| उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/ गारंटर का नाम | मांग सूचना की दिनांक | कुल बकाया राशि (रु.) भावी ब्याज लागू | प्रतिभूत परिसंपत्ति(यों)/ अचल संपत्ति(यों) का विवरण | आधिपत्य की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| ऋण खाता नं. MFLMPDSEC UL000005008085 राधेश्याम जायसवाल पिता मांगीलाल (ऋणी) अनीता बाई पति राधेश्याम जायसवाल (सह-ऋणी) | 07.01.2026 | Rs. 22,46,311.29 (रु. बाईस लाख छियालिस हजार तीन सौ ग्यारह एवं उन्नतीस पैसे मात्र) | संपत्ति का पता- म.नं. पटवरी हल्का नं. 45, बंदोबस्त नं. 157, ग्राम बाड़ी तहसील झिरनिया जिला खरगौन (म.प्र.) 451001 एवं **चर्तुसीमाएँ :** उत्तर : रोड़; दक्षिण : लखन की संपत्ति; पूर्व : कॉमन रोड़; पश्चिम : नीला बाई का मकान | 07/04/2026 |

उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) को विशेष रूप में तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा सामान्य रूप में सावधान किया जाता है कि संपत्ति का लेन-देन न करें तथा संपत्ति का कोई व किसी भी प्रकार का लेन-देन, ऊपर अंकित मांगी गई एक राशि तथा इस राशि पर भावी ब्याज हेतु मुथुट फिनकार्प लिमिटेड के प्रभाराधीन होगा।

ह/- प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : मध्य प्रदेश, दिनांक 11.04.2026 वास्ते मुथुट फिनकार्प लिमिटेड

## कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

(जनकार्य विभाग)

ई-मेल: jankarya.vibhag2023@gmail.com, फोन : 7440440233

**निविदा विज्ञप्ति क्र.:** 06/सिविल/ 26-27/ग्रुप नं-01 से ग्रुप नं-09 तक

**निविदा आमंत्रण**

**दिनांक:** 09.04.2026

केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से (MPUADD Road & Bridge SOR, DATE 08-11-2025/NON SOR/ BUILDING SOR DATE-02-08-2021 पर आधारित) ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| ग्रुप क्र. | टेंडर क्र. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय करने एवं खोलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_498660_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के तहत झोन क्र. 05 वार्ड क्र. 27 के अन्तर्गत कॉलोनियों में आवश्यक सिविल संधारण कार्य एवं रंगाई पुताई का कार्य करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 120 दिवस ₹10,83,519/- | ₹2,000/- ₹8,200/- | 17-04-2026 6.00 PM 21-04-2026 |
| 02 | 2026_UAD_498662_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 हेतु झोन क्र. 02 वार्ड क्र. 69 के अन्तर्गत कॉलोनियों में आवश्यक सिविल संधारण एवं रंगाई पुताई का कार्य करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 120 दिवस ₹16,61,098/- | ₹2,000/- ₹12,500/- | 17-04-2026 6.00 PM 21-04-2026 |
| 03 | 2026_UAD_498663_1 | झोन क्र. 06 वार्ड क्र. 25 के अन्तर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26, सेवन स्टार रेटिंग सर्वे हेतु सिटी प्रोफाईल अनुसार चिन्हित स्थानों पर रिपेयरिंग, पेव्हर ब्लॉक रिफिक्सिंग एवं आवश्यक सिविल कार्य करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 120 दिवस ₹13,07,421/- | ₹2,000/- ₹9,900/- | 17-04-2026 6.00 PM 21-04-2026 |
| 04 | 2026_UAD_498665_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 हेतु झोन क्र. 07 वार्ड क्र. 32 के अन्तर्गत नोटिफाईड एरियों में आवश्यक संधारण, मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण का कार्य करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 120 दिवस ₹16,22,011/- | ₹2,000/- ₹12,200/- | 17-04-2026 6.00 PM 21-04-2026 |
| 05 | 2026_UAD_498667_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के तहत झोन क्र. 09 वार्ड क्र. 26 में सिटी प्रोफाईल के अन्तर्गत वार्ड में पेव्हर ब्लॉक लगाना, गेट लगाना, रंगाई पुताई एवं अन्य आवश्यक सिविल संधारण कार्य करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 120 दिवस ₹15,61,645/- | ₹2,000/- ₹11,800/- | 17-04-2026 6.00 PM 21-04-2026 |
| 06 | 2026_UAD_498668_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 हेतु झोन क्र. 05 वार्ड क्र. 20 के अन्तर्गत कॉलोनियों में आवश्यक सिविल संधारण एवं रंगाई पुताई का कार्य करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 90 दिवस ₹9,73,130/- | ₹2,000/- ₹9,800/- | 17-04-2026 6.00 PM 21-04-2026 |
| 07 | 2026_UAD_498669_1 | झोन क्र. 06 वार्ड क्र. 24 के अन्तर्गत जाटव धर्मशाला के आगे एवं जाटव समाज धर्मशाला के पीछे गलियों में सीमेन्ट कांक्रीट करना। (तृतीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹ 41,86,312/- | ₹5,000/- ₹31,400/- | 17-04-2026 6.00 PM 21-04-2026 |
| 08 | 2026_UAD_498713_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 हेतु झोन क्र. 22 वार्ड क्र. 35 के अन्तर्गत मुख्य मार्गो एवं कॉलोनियों के स्ट्रेच/बेकलाईनों में आवश्यक निर्माण एवं संधारण कार्य करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹22,96,275/- | ₹5,000/- ₹17,300/- | 17-04-2026 6.00 PM 21-04-2026 |
| 09 | 2026_UAD_498714_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 हेतु झोन क्र. 22 वार्ड क्र. 31 के अन्तर्गत मुख्य मार्गो एवं कॉलोनियों में स्ट्रेच/बेकलाईनों में आवश्यक निर्माण एवं संधारण कार्य करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹23,34,775/- | ₹5,000/- ₹17,600/- | 17-04-2026 6.00 PM 21-04-2026 |

**नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।**

कार्यपालन यंत्री
(जनकार्य विभाग)
नगर पालिक निगम, इन्दौर

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

## कार्यालय जनपद पंचायत कन्नौद जिला - देवास म.प्र.

क्रमांक / 1740 / नाघानि / 2026 कन्नौद दिनांक 10.04.2026

**:: नावघाट निलामी विज्ञप्ति::**

सर्व साधारण को सूचित करने में आता है कि, जनपद पंचायत कन्नौद का पत्र क्रमाक / 1739 / नाघानि / 2026 कन्नौद दिनांक 10.04.2026 के माध्यम से जारी फतेहगढ नावघाट नीलामी की विज्ञप्ति का प्रकाशन किया जा रहा है।

निलामी के संबंध में आवेदन, नियम व शर्ते, आदि जानकारी कार्योलयीन समय में आकर प्राप्त कर सकते है। दिनांक 25.04.2026 दोपहर 02:00 बजे प्राप्त आवेदनों के आधार पर निलामी की कार्यवाही की जावेगी।

01. नीलामी के लिए 5000 /- रूपये की धनराशि नगद जमा कराना अनिवार्य है।
02. नीलामी में आवेदक किसी प्रकार का बकायादार न हो।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत कन्नौद

## कार्यालय नगर पालिका परिषद खाचरौद जिला उज्जैन (म. प्र.)

क्रमांक / ई-टेण्डरिंग / 2026 / 733 खाचरौद दिनांक 09/04/2026

**निविदा सूचना**

एतद् द्वारा समस्त अधिकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता हैं कि नगर पालिका परिषद खाचरौद द्वारा विभिन्न कार्यो हेतु निविदा ऑनलाईन पद्धति से www.mptender.gov.in पोर्टल पर निविदा आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक अधिकृत ठेकेदार ऑनलाईन दर प्रस्तुत कर सकते हैं :-

| S No. | Tender No. | Name of the work | Probable amount of contract (Rs. In Lacs) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs) | Cost of Bid Document (In Rs) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_499199_1 | Operation and Maintenance of Swimming Pool | 02.00 लाख | 36,000/- | 5295/- |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन ऑनलाईन की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद खाचरौद

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद खाचरौद